भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3922**
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है
**सड़क ठेकों का अधिनिर्णय**

3922. श्री सेल्वाराज वी.:
श्री सुब्बारायण के.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सिंगापुर स्थित क्यूब हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को अथांग इंफ्रास्ट्रक्चर की कुल 230 किलोमीटर की पांच सड़क संपत्तियों के संविभाग के लिए 4000 करोड़ रुपये का सौदा अधिनिर्णीत किया गया है, यदि हां, तो इस सौदे का विवरण क्या है; और
(ख) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा अब तक निर्मित सड़कों की कुल लंबाई क्या है और इसमें से अब तक राष्ट्रीय संपत्ति मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र के पथकर संचालकों को वर्षवार अधिनिर्णीत की गई सड़कों की लंबाई कितनी है, और उससे सरकार को कितनी निधि प्राप्त हुई?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) टोल ऑपरेट ट्रांसफर (टीओटी) मोड के तहत टोलिंग, ऑपरेशन, रखरखाव और ट्रांसफर का ठेका मैसर्स क्यूब और मैसर्स अथांग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है, जो राष्ट्रीय अवसंरचना निवेश कोष (एनआईआईएफ) द्वारा पोषित (इनक्यूबेट) एक मालिकाना सड़क प्लेटफॉर्म है। लंबाई और अर्जित निधि का विवरण इस प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **बोलीदाता का नाम** | **टीओटी बंडल** | **लंबाई (किमी)** | **अधिनिर्णित मूल्य (करोड़ में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स क्यूब | टीओटी-3 | 566 | 5011 |
| 2 | | टीओटी-11 | 84 | 2156 |
| 3 | | टीओटी-14 | 189 | 7701 |
| 4 | मैसर्स एनआईआईएफ (मैसर्स अथांग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड) | टीओटी-9 | 72 | 3144 |

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्मित लम्बाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में संलग्न है।

इसके अलावा, परिसंपत्ति मुद्रीकरण (टीओटी/इनविट मोड) के अंतर्गत प्रारंभ से वर्ष-वार अर्जित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध-II में संलग्न है।

**अनुबंध-I**

**"सड़क ठेकों का अधिनिर्णय" के संबंध में श्री सेल्वाराज वी. और श्री सुब्बारायण के द्वारा पूछे गए दिनांक 19.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3922 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित लम्बाई का विवरण**

| **राज्य** | **निर्मित लंबाई (किमी) 2019-20** | **निर्मित लंबाई (किमी) 2020-21** | **निर्मित लंबाई (किमी) 2021-22** | **निर्मित लंबाई (किमी) 2022-23** | **निर्मित लंबाई (किमी) 2023-24** |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 253 | 151 | 80 | 129 | 322 |
| असम | 2 | 33 | 29 | 15 | 55 |
| बिहार | 46 | 179 | 275 | 415 | 406 |
| छत्तीसगढ | 30 | 36 | 66 | 51 | 90 |
| दिल्ली | 29 | 20 | 5 | 43 | 53 |
| गुजरात | 202 | 155 | 201 | 384 | 491 |
| हरियाणा | 235 | 380 | 284 | 298 | 242 |
| हिमाचल प्रदेश | 34 | 45 | 42 | 49 | 109 |
| जम्मू और कश्मीर | 8 | 34 | 71 | 58 | 77 |
| झारखंड | 197 | 117 | 55 | 72 | 144 |
| कर्नाटक | 279 | 246 | 213 | 277 | 434 |
| केरल | 13 | 18 | 13 | 118 | 231 |
| मध्य प्रदेश | 247 | 189 | 469 | 477 | 632 |
| महाराष्ट्र | 370 | 466 | 584 | 543 | 661 |
| मेघालय | 0 | - | - | 11 | 4 |
| ओडिशा | 302 | 380 | 230 | 232 | 255 |
| पंजाब | 115 | 64 | 33 | 174 | 357 |
| राजस्थान | 875 | 526 | 559 | 415 | 472 |
| तमिलनाडु | 103 | 304 | 285 | 407 | 577 |
| तेलंगाना | 48 | 85 | 108 | 100 | 151 |
| उत्तर प्रदेश | 394 | 552 | 626 | 475 | 668 |
| उत्तराखंड | 116 | 146 | 44 | 30 | 91 |
| पश्चिम बंगाल | 80 | 92 | 61 | 109 | 121 |
| **कुल योग** | **3979** | **4218** | **4331** | **4882** | **6644** |

**अनुबंध-II**

**"सड़क ठेकों का अधिनिर्णय" के संबंध में श्री सेल्वाराज वी. और श्री सुब्बारायण के द्वारा पूछे गए दिनांक 19.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3922 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

राष्ट्रीय परिसंपत्ति मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना के अंतर्गत अब तक टोल सड़कों के निजी क्षेत्र के प्रचालकों को आवंटित सड़कों की लंबाई का वर्षवार तथा इससे सरकार को प्राप्त धनराशि:

| **वित्तीय वर्ष** | **लंबाई (किमी में)** | **सरकार को प्राप्त धनराशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 2018-19 | 682 | 9682 |
| 2020-21 | 566 | 5011 |
| 2021-22 | 54 | 1011 |
| 2022-23 | 314 | 10662 |
| 2023-24 | 697 | 15968 |
| **कुल** | **2313** | **42334** |

उपर्युक्त के अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (इनविट) को दी गई सड़कों के माध्यम से सरकार को 25,900 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| **वित्तीय वर्ष** | **लंबाई (किमी में)** | **सरकार को प्राप्त धनराशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|
| 2021-22 | 389 | 7350 |
| 2022-23 | 246 | 2850 |
| 2023-24 | 889 | 15700 |
| **कुल** | **1524** | **25900** |

*****